# भाजपा सरकार के ऐतिहासिक बजट में सभी वर्गों का रखा ध्यान : शिक्षा मंत्री दिलावर

## भाजपा नारों की नहीं सरोकारों की पार्टी है : डॉ. समीश पूनिया



सीकर में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष सिखवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

■ बजट में की गई घोषणाएं धरातल पर आनी हुई शुरू : खर्रा

**सीकर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक रविवार को जिला भाजपा कार्यालय, सांवली सर्किल के पास में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर थे। मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, विशिष्ठ अतिथि स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, भाजपा प्रदेश महामंत्री व पूर्व सांसद संतोष अहलावत थी। जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, विधायक गोरधन वर्मा, विधायक सुभाष मील, प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू, जिले के प्रभारी दिनेश धाबाई, पार्टी के पूर्व विधायक सहित जिला पदाधिकारी, सदस्य, मोर्चों, मंडलों, प्रकोष्ठों आदि के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला कार्यसमिति की बैठक का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता व पार्टी के संस्थापक सदस्यों की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

बैठक में बोलते हुए शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार ने अब तक का सबसे ऐतिहासिक बजट पेश किया है। बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे ऐसे ऐतिहासिक बजट को प्रचारित करने का काम करें। बजट से आमजन को कैसे लाभ मिल सकता है इसके बारे में भी लोगों को जागरूक करने का प्रयास करना है ताकि वे इससे लाभान्वित हो सकें। बजट की घोषणाओं को आर्थिक, सामाजिक दृष्टि से लोगों तक पहुंचाने की हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने संकल्प पत्र के 45 प्रतिशत तक वादे पूरे कर लिये हैं। सभी भाजपा के सैनिक है और सैनिक होने के नाते हमें सभी युद्ध जीतने हैं। कांग्रेस पार्टी पर प्रहार करते हुए मंत्री दिलावर ने कहा कि कांग्रेस के नेता अब अपशब्द बोलते हुए विधानसभा तक में गाली गलौच की भाषा काम में लेने लगे हैं।

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व हरियाणा के प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने पार्टी की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए पार्टी संस्थापकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा नारों की नहीं सरोकारों की पार्टी है। पार्टी के संस्थापकों डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, सुंदर सिंह भंडारी जैसे हजारों कार्यकर्ताओं के दम पर कांग्रेस के वर्षों पुराने साम्राज्य के वंशवाद, जातिवाद को खत्म करते हुए भाजपा की सरकार बनाने में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार केंद्र में बनाने के लिए देश की जनता ने बहुमत दिया है उसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। देश में आजादी के बाद बदलाव हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों के कार्यकाल में चुनौतियां का सामना करते हुए देश में सुशासन स्थापित किया है। कोरोनाकाल में सबसे पहले अपने नागरिकों के लिए वैक्सीन लगाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में संभव हो सका। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के पांच वर्ष तक कुशासन किया जिसको हटाने का काम भाजपा के कार्यकर्ता ने किया। कार्यकर्ता समर्पित होकर संगठन के लिए काम करेंगे तो निश्चित है कि समय आने पर मान सम्मान मिलेगा। नगरीय एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राज्य सरकार ने जिले को बजट में बहुत कुछ दिया है। भाजपा सरकार की इस उपलब्धि को जिले में सर्वाधिक प्रचारित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। कहा कि बजट में की गई घोषणाएं धरातल पर आनी शुरू हो गई है। इसके लिए सरकार ने अधिकारियों को फिल्ड में भेजना शुरू कर दिया है ताकि योजनाएं तेजी से पूरी हो सके। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती से जल्द निजात मिलेगी और वह दिन भी दूर नहीं जब राजस्थान में इतनी बिजली बनने लगेगी जिसके बाद दूसरे राज्यों को भी बिजली दे सकेंगे। कहा कि राज्य में पांच विधानसभाओं में उपचुनाव होने को हैं। इन चुनावों में हमारे पास खोने को कुछ नहीं है, बल्कि हम अभी से प्रयास करें तो वहां पर भाजपा को पाने के लिए बहुत कुछ है।

जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कार्यसमिति की बैठक में जिले भर से पधारे भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार व राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। कहा कि कांग्रेस के कुशासन से तंग आकर देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों के सुशासन पर मोहर लगाते हुए तीसरी बार एवं राजस्थान में प्रदेशाध्यक्ष रहे सीपी जोशी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पर विश्वास व्यक्त किया है। बैठक के समापन पर जिला महामंत्री संजय सैनी ने बैठक में आए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक का संचालन जिला मंत्री ओमप्रकाश बिजारणियां ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, राजकुमारी शर्मा, केडी बाबर, हरिराम रणवां, श्रवण चौधरी, संजय सैनी, दिनेश जोशी, मधु कुमावत, गजानंद कुमावत, शंकरलाल यादव, हरिनाराण महंत, सुनीता वर्मा, शंकरलाल यादव, ममता मुंडोतिया, मधूसुदन भिंडा, राजेश गुर्जर, निर्मला चौधरी, दुर्गा हटवाल, डॉ. बलवंत सिंह चिराणा, गोविंदराम सैनी, पूर्णमल गुर्जर, बाबुसिंह बाजौर, सुरेश शर्मा, भागीरथ गोदारा, रामवतार बड़सरा, जगदीश कुमावत, बरफी देवी, रामसिंह पिपराली, सुमन वर्मा, गंगासहाय यादव, सुशीला हुड्डा, गोपाल लाटा, निश्चय जीनगर, श्रीहरि बियाणी, विष्णु काबरा, गिरधारी महाराज, जितेंद्र सिंह कारंगा, प्रतीक माटोलिया, प्रकाश दाधिच, प्रभुसिंह शेखावत, डॉ. बीएल रणवां, जितेंद्र सिंह रानोली, अनिता शर्मा, सुरेश सैनी, गोविंद बिजारणियां, रमा शेखावत, अंबिका शर्मा, शारदा काबरा, विष्णु दीक्षित, मयंक शर्मा, भंवरलाल जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

## युवक के साथ सरियों से मारपीट का आरोप

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ थाना पुलिस ने एक युवक की रिपोर्ट पर तीन मोटरसाईकिल सवारों द्वारा सामने चल रही दूसरी मोटरसाईकिल का पीछा कर मोटरसाईकिल को ठोकर मारकर गिराने व युवक के साथ सरियों से मारपीट करने के आरोप का मामला दर्ज किया है। थानाधिकारी पुष्पेन्द्र झाझडिया ने बताया कि रोहित कुमार पुत्र प्रेमचन्द धाणक उम्र 25 साल निवासी खेमाणा तहसील राजगढ ने दर्ज मामले में बताया कि वह 21 जुलाई को सांयकाल गांव की गोगामेडी पर आरती के वक्त धोक लगाने गया तो वहां पहले से मौजूद प्रमोद व तवरपाल पुत्र दारासिंह धानक व रोहित पुत्र विक्रम धाणक ने उसे देखकर ढोल बजाते हुए उसकी ओर अभ्रदता शुरू कर दी। जब उसने इनसे पूछा कि आप मेरे माथ ऐसा क्यों कर रहे हो।
आरोप है कि फिर इन तीनों ने उसे गालियां देनी शुरू कर दी ओर तीनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद उसने घर आकर अपने परिवार वालों को बताया कि मुझे वेकसूर मारा, तो परिवार वालों ने उनके घर पर भाई पंचायत रखी। जिसमें इन्होंने अपनी खुद की गलती मानली और कहा गलती हो गई दुबारा भविष्य में कभी नहीं करेंगे। उसके बाद फिर 26 जुलाई को वह तथा उसके साथ अजय पुत्र बनवारी धाणक दोनों हायर सैकेन्डरी स्कूल राजगढ के आगे से जा रहे थे तो पीछे से एक बोलेरो गाडी वालों ने उसका पीछा किया तथा गाडी आगे एक बाइदक पर तीन लोग थे। उन्होंने अजय की मोटरसाकिल ने ठोकर मारकर गिरा दिया। उसके बाद सरिये से वार कर भाग गये। राजगढ थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

## शहीद अजीत सिंह सोढ़ा का बलिदान दिवस मनाया

■ 'देश के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले वीर योद्धा प्रेरणा स्त्रोत'

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी कस्बे के चेलापुरी में देर शाम को युवाओं ने शहीद अजीत सिंह सोढ़ा का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा मोर्चा जिला महामंत्री निखिल शर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष विजेश शाह, सोनू अग्रवाल थे, जबकि अध्यक्षता पार्षद नगेंद्र सिंह सोढा ने की।


कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शहीद अजीत सिंह सोढ़ा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निखिल शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से आजादी के पर्व को ऐतिहासिक बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को देश भक्ति भावना के लिए प्रेरित करना है। झुंझुनूं जिले को वीरों की भूमि के नाम से जाना जाता है, जिसमें बच्चों को जन्म से ही देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया जाता है। देश में सबसे अधिक सैनिक देने का गौरव जिले ने हासिल कर रखा है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी के वीर बहादुर जवान आज भी देश सेवा में लगे हुए हैं तथा सैकड़ो जवान देश की सेवा के लिए वीरगति को प्राप्त हो चुके हैं। यहां की मिट्टी में इतना शौर्य है कि देश की सीमा पर जब भी कोई हलचल होती है तो देश सेवा में लगे बहादुर जवान कभी अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटते हैं तथा अपने प्राणों का बलिदान देकर हमेशा के लिए कुर्बान होने का जज्बा रखते हैं। शहीदों की यादों को चिरस्थाई बनाने के लिए गांव-गांव में उनके स्मारक बनाकर प्रतिमा लगाई हुई है, जो देश सेवा के लिए युवाओं को प्रेरित करती है।शहीद अजीत सिंह सोढ़ा 29 जनवरी 1984 को भारतीय सेना की 13 ग्रेनेडियर में भर्ती हुए थे। जिन्होंने सियाचिन ग्लेशियर में अमर चौकी पर अग्रिम युद्ध क्षेत्र में वर्ष 1990 में देश के लिए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उनकी बहादुरी पर भारतीय सेना ने उच्च तुगंता मेडल व सियाचीन ग्लेशियर मेडल भी नवाजा गया था। इस मौके पर हिम्मत सिंह सोढा, योगेंद्र सोढा, विनय सिंह चौहान, डॉ सोमदत्त भगत, गजेंद्र जलंधरा, राजेंद्र प्रसाद, नवीन, नंदकिशोर शर्मा, अजीत सिंह तंवर, विजेंद्र सैनी, गजानंद कुमावत, पवन भार्गव, ज्योति भारद्वाज, शशि सैनी, रानी सरकार, राकेश राजोरिया, चांद मोहम्मद, सुखबीर सिंह, हिम्मत सिंह, लाल सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, कृष्णा कंवर, दीया सोढा, मीना तंवर, लक्ष्मी इंदा, पूनम, मीना, सरिता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## 'एमनेस्टी योजना का लाभ लें'

**बीदासर, (निसं)।** विद्युत उपभोक्ता एमनेस्टी स्कीम के तहत सभी श्रेणी के 31 मार्च 2023 से पूर्व कटे हुए कनेक्शनों की बकाया राशि वसूली के लिए एमनेस्टी योजना वर्तमान में प्रभावी है। डिस्काम के सहायक अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि इस योजना का लाभ इन प्रावधानों के अनुसार लिया जा सकता है। यह योजना 31 जुलाई 2024 तक प्रभावी रहेगी।

जिसमें 31 मार्च 2023 से पूर्व कटे हुए कृषि के उपभोक्ता मूल बकाया राशि बिना ब्याज पेनल्टी के एक मुश्त अथवा अधिकतम 6 द्वि मासिक किस्तों में जमा करवा सकेंगे। यदि उपभोक्ता किसी किस्त को समय से जमा नहीं करवाता है, तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। यदि उपभोक्ता इस एमनेस्टी योजना का लाभ लेता है, तो उसे सम्पूर्ण अवधी के लिए आखरी किस्त जमा करवाने पर ही किसान उर्जा मित्र योजना का लाभ दिया जाएगा। कृषि श्रेणी के अलावा अन्य उपभोक्ताओं की ओर से मूल बकाया राशि 31 जुलाई 2024 तक एक मुश्त जमा करवाने पर विलम्ब भुगतान शुल्क ब्याज में शत प्रतिशत छूट दी जाएगी। जिन उपभोक्ताओं की ओर से विगत तीन वर्षो में ऐसी योजना का लाभ ले लिया है उनके लिए यह योजना लागू नही होगी। इस योजना के तहत बिजली चोरी के मामले शामिल नही होंगे। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को संबंधित सहायक अभियंता जोधपुर डिस्काम कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

## राज्य पुरस्कार स्काउट प्रशिक्षण शिविर समाप्त



स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कार्यालय परिसर में किया गया।

■ जिले के 45 स्कूलों के 205 स्काउट्स ने लिया विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण

■ महामहिम राज्यपाल के हस्ताक्षिरत प्रमाण पत्र से होंगे सम्मानित

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कार्यालय परिसर में किया गया।

शिविर संचालक एवं सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि शिविर में नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, चिह्न, सेल्यूट, ध्वज शिष्टाचार, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन, सामुदायिक कार्यकर्ता, पर्यावरण संरक्षण, दिशा ज्ञान, कंपास, मानचित्र, स्काउटिंग का इतिहास विकास सहित विभिन्न प्रकार की उपयोगी जानकारी स्काउट्स को प्रदान की गई। सीओ कालावत ने बताया कि ट्रेनिंग के पश्चात माह सितंबर में तीन दिवसीय परीक्षा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उसमें उत्तीर्ण होने पर इन्हें 22 फरवरी 2025 को महामहिम राज्यपाल के हस्ताक्षिरत प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा, जिसे राज्य पुरस्कार कहा जाता है। सीओ स्काउट कलावत ने बताया कि रात्रि शिविर ज्वाल सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में स्काउट्स ने राजस्थानी एवं देशभक्ति गानों पर नृत्य कर धूम मचाई। शिविर ज्वाल कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. नवीन ढाका, धर्मवीर सिंह, उमेश रोहिल्ला, ताराचंद यादव, रामाकिशन सैनी, निरंजनलाल शर्मा ओमप्रकाश डिग्रवाल उपस्थित रहे। शिविर संचालन में वरिष्ठ स्काउटर रामदेव सिंह गढ़वाल, बुहाना कोषाध्यक्ष नरेश सिंह तंवर, उदयपुरवाटी सचिव भंवरलाल मीणा, स्काउट मास्टर सुनील मेहरा, रवि कुमार, सुनील बाकरा, नवलगढ़ सचिव दशरथलाल सैनी, हरिराम मोरवाल, मूलचंद मूंड, रविंद्र यादव सहित संचालक दल के अनेक स्काउटर ने निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं प्रशिक्षक के रूप में दी।

## नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा आज जयपुर जाएंगे

**झुंझुनूं, (निसं)।** नवलगढ़ पंचायत समिति के प्रधान दिनेश सुंडा सोमवार को जयपुर जाएंगे। वे ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की ओर से आयोजित होने वाली पूर्व बैठक संवाद में हिस्सा लेंगे।

सुंडा ने बताया कि पंचायतीराज कमिश्नर रवि जैन ने प्रदेश के 15 जनप्रतिनिधियों को सुझावों के लिए मनोनीत किया है। उनमें वे शामिल हैं। वे पंचायतीराज विभाग के समिति कक्ष में आयोजित होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगे। जिसमें वे पंचायतीराज विभाग से जुड़ी समस्याओं को रखेंगे और अपने सुझाव भी देंगे। आपको बता दें कि दो अगस्त को 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगड़िया की अध्यक्षता में जयपुर में बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए है। इसके लिए कमिश्नर रवि जैन ने झुंझुनूं की नवलगढ़ पंचायत समिति के प्रधान दिनेश सुंडा का मनोनयन किया है। पूरे प्रदेश से सिर्फ 15 जिला प्रमुख, प्रधान व सरपंचों को इसके लिए आमंत्रित किया गया है। सुंडा ने बताया कि इस मौके पर पंचायतराज चुनावों को लेकर भी वे आयुक्त के समक्ष अपने सुझाव देंगे। साथ ही चर्चा करेंगे। ताकि पंचायतराज चुनावों को लेकर पूरे प्रदेश में जो असमंजस की स्थिति चल रही है।

## गौशाला विस्तार के लिए चारा डिपो बनाने का निर्णय लिया



खेतड़ी के ढ़ाणी बाढ़ान में जमवाय माता केशव गौशाला समिति की बैठक में पौधारोपण किया।

■ पांच बीघा भूमि के चारों तरफ लोहे का जाल लगाकर परिसर को हरा भरा किया जाएगा

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के ढ़ाणी बाढ़ान की जमवाय माता केशव गौशाला में रविवार को गौशाला समिति की बैठक का आयोजन किया गया। ठेकेदार चंदगीराम ढ़ाका की अध्यक्षता में हुई बैठक में गौशाला का विस्तार करते हुए चारा डिपो बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में गौशाला समिति अध्यक्ष श्रीराम शेखावत ने गौशाला का वार्षिक लेखा जोखा सदस्यों के सामने प्रसतुत किया एवं गौशाला हित के लिए विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। ठेकेदार चंदगीराम ढाका ने बताया कि गौशाला में चारा डिपो बनाने की अति आवश्यकता है। बरसात के समय चारा खराब हो जाने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में भामाशाह लोगों को प्रेरित कर गौशाला में जल्द ही चारा डीपो बनाया जाए। इसके अलावा पांच बीघा भूमि के चारों तरफ लोहे का जाल लगाकर परिसर को हरा भरा किया जाएगा। बैठक के दौरान गौशाला समिति के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सघन पौधरोपण गौशाला परिसर में किया गया। उन्होंने बताया कि पीपल ,अमरुद, नीम, सिस्टम पापड़ी गुलमोहर सिरसम सहित फलदार एवं छायादार 200 पौधों का पौधारोपण किया गया। इस दौरान गौशाला समिति के सदस्यों ने उनके परवरिश करने की जिम्मेदारी ली। उन्होंने बताया कि गोशाला समिति के सदस्यों ने पौधे में पानी डलवाने के लिए सहयोग राशि भी एकत्रित की। ठेकेदार चंदगीराम ढाका एवं गोशाला अध्यक्ष श्रीराम सिंह शेखावत ने पौधे लगाने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दे।उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन काल में कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। इस दौरान उन्होंने गौशाला समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर गौशाला सचिव शिवराज सिंह, पूर्व सरपंच अमर सिंह झाझडिया, सूबेदार मेजर सत्यरूप पायल, लक्ष्मण सिंह शेखावत, सूबेदार सनीपाल सिंह, सूबेदार पृथ्वी सिंह, सूबेदार, भंवर सिंह, सूबेदार रोहतास, इंद्र सिंह शेखावत, गजराज सिंह, छगन सिंह, सुरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, हनुमान सिंह, रोहताश शेखावत, सज्जन सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का सम्मापन

**रतनगढ़, (निसं)।** न्यू लिंक रोड़ पर चौधरी मुक्तिधाम के सामने केडी स्पॉटर्स ग्राउंड पर चल रही टेनिस बॉल बॉक्स रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शनिवार देर रात हुआ। 10 दिन तक चली प्रतियोगिता में कुल 44 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आरसीबी व मन्ना इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें आरसीबी की टीम विजेता रही। मैच समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में हैंडबाल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शशि कुमार गोड़, चूरू जिले के वरिष्ठ पत्रकार सुबोध सारस्वत, बजरंगदल के तहसील अध्यक्ष नागेश महर्षि, पार्षद डीलर पुरुषोत्तम इन्दोरिया, लेब टेक्नीशियन पवन माटोलिया, सैनी समाज के संरक्षक अशोक वर्मा, सुरेश सेवदा आदि मंचस्थ थे। इस दौरान विजेता टीम आरसीबी को ट्रॉफी व इलेक्ट्रिक स्कूटी देकर सम्मानित किया गया और उपविजेता टीम को ट्रॉफ़ी से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी व प्रतियोगिता में सहयोग करने वालों को भी गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने खेल को खेल की भावना से खेलते हुए अच्छे खिलाड़ी बनकर रतनगढ़ व देश प्रदेश का नाम रोशन करने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल वर्मा ने किया।

## सार-समाचार

### बच्चों के संग खुशी का पल मनाया




**सीकर, (निसं)।** लायंस क्लब सीकर डायमंड ने घुमंतू बच्चों को भोजन करवाया। क्लब अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम सरोज कमल किशोर अग्रवाल के पुत्र ईशु अग्रवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। क्लब सचिव लायन पल्लवी जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम सीताराम सोमानी आदर्श विद्या मंदिर छात्रावास घंटाघर के पास में किया गया। इस दौरान बच्चों को पूरी, सब्जी, खीर और रसगुल्ला परोसा गया। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताया। बच्चों ने अपनी प्रतिभाएं दिखाई, जिसमें सिंगिंग और डांस शामिल थे,जो तारीफे काबिल था। बच्चों की अद्वितीय प्रतिभाओं ने सभी का दिल जीत लिया और उनकी खूब सराहना की गई।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**तारानगर, (निसं)।** तारानगर के राजगढ़ सड़क पर स्थित संजीवनी हस्पताल में राष्ट्रीय फुले बिग्रेड की ओर से रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसका तारानगर उप पुलिस अधीक्षक मिनाक्षी, संजीवनी हस्पताल के संचालक डॉ. धर्मेंद्र शर्मा व डॉ. भावना शर्मा ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर डीएसपी मिनाक्षी व बिग्रेड के समस्त सदस्यों ने संजीवनी हस्पताल का निरीक्षण किया। डीएसपी मिनाक्षी ने कहा कि क्षेत्र में ऐसा समस्त सुविधाजनक हस्पताल का होना बहुत बड़ी बात है इससे क्षेत्रवासियों को बड़े से बड़े इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। डॉक्टर भावना शर्मा ने अस्पताल का निरीक्षण करवाया एवं हस्पताल में आये सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया इससे पहले डॉ. शर्मा ने डीएसपी मिनाक्षी का माला पहनाकर स्वागत किया। डॉ अंशुल गुप्ता, डॉ हरिश तलरेज, डॉ महिपाल ने शिविर में अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर राष्ट्रीय फुले बिग्रेड जिला प्रमुख बाबूलाल सैनी, सुमेर सैनी, जुगराज सैनी, इंद्रचंद सैनी, हीरालाल सैनी, पन्नालाल सैनी, ओमप्रकाश, रमेश कुमार, सूरज, मनोज, हैड कॉंस्टेबल राजकुमार, कुलदीप शर्मा, फौजी अर्जुन सैनी, डॉ.अजीत सहित हस्पताल स्टाफ व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### नगर कार्यकारिणी गठित

**रतनगढ़, (निसं)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई रतनगढ़ द्वारा रविवार को नगर अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया। जिसमें एबीवीपी के सुजानगढ़ जिला संयोजक विशाल सोनी का प्रवास रहा। विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता लोकेश महर्षि ने विद्यार्थी परिषद की रीति नीति से नए कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। जिला संयोजक विशाल सोनी ने वर्ग को संबोधित करते हुए आगामी कार्य योजना पर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की अभ्यास वर्ग के अंतिम सत्र में जिला संयोजक द्वारा रतनगढ नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें लोकेश महर्षि को नगर अध्यक्ष, कमल गुर्जर को नगर उपाध्यक्ष, विवेक रैगर को नगर मंत्री, जतिन कुमार और मोहित जांगिड़ को नगर सह मंत्री की ज़िम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में देवेंद्र जांगिड़, कृष्णा बजाज ,यश शर्मा, अरविंद सिंह, पीयूष मीणा,आदित्य सारस्वत, देवांश सांकृत्य,प्रतीक महर्षि,गौतम सैनी नगर कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए। इस अवसर पर परिषद् के राहुल मेघवाल,अरविंद प्रजापत,रंजन सिसोदिया, इनायत खान, इनायत खान कार्तिक कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अनिल नाथ योगी को डॉक्टरेट की उपाधि

**उदयपुरवाटी, (निसं)।** कस्बे के शाकम्भरी रोड़ पर स्थित श्री गायत्री गौशाला कोट के महंत अनिल नाथ योगी को वर्ल्ड कल्चर एण्ड इन्वायरनमेंट प्रोटेक्शन कमीशन नई दिल्ली की ओर से पर्यावरण संरक्षण एवं समाज कार्य में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। वर्ल्ड कल्चर एण्ड इन्वाइरनमेंट प्रोटेक्शन कमीशन के अभिमन्यु सिन्हा व एसके सिन्हा ने डॉ अनिल नाथ योगी को डॉक्टरेट की उपाधि के साथ स्वर्ण पदक एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया । डॉ अनिल नाथ योगी को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर एडवोकेट मोतीलाल सैनी, मास्टर मोतीलाल सैनी, सतीश मिश्रा छापोली, विजेंद्र सैनी, रूड़मल सैनी, मंगलचंद गुर्जर सहित कई सामाजिक संगठनों ने शुभकामनाएं दी ।

### कार्यकारिणी का विस्तार किया

**बीदासर, (निसं)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीदासर नगर का विस्तार जिला संयोजक विशाल सोनी ने किया। जिसमें नगर अध्यक्ष संजय चौधरी, नगर मंत्री पुनीत सैन, नगर सह मंत्री राधा प्रजापत, राधेश्याम, गोविंद सिंह, सोमदत सुथार नगर एसएफडी संयोजक शक्ति ओझा, एसएफडी सह संयोजक श्रीराम सिंगाठिया, नगर एसएफएस संयोजक मोनिका शर्मा, नगर एसएफएस सह संयोजक श्रीकांत सिंगाठिया, नगर राष्ट्रीय कला मंच संयोजक प्रियंका, नगर राष्ट्रीय कला मंच सह संयोजक लीलावती, नगर छात्रावास संयोजक निर्मल, नगर छात्रावास सह संयोजक यशवन्त, नगर कार्यकारिणी सदस्य सुरेश, निखिल, मोहित भार्गव, केशन भार्गव, सावर सिंह को नियुक्त किया गया। बीदासर नगर मंत्री पुनीत सैन ने कहा की नवीन कार्यकारिणी निश्चित ही विद्यार्थी परिषद के कार्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेगी।

### दो सौ छायादार पौधे लगाए

**रतनगढ़, (निसं)।** ग्राम खोतड़ी स्थित संत श्री मोतीनाथ बगीची में पर्यावरण संरक्षण अभियान "मैं भी भगतसिंह" के तहत दो सौ छायादार पेड़ लगाए गए। मैं भी भगतसिंह अभियान के संयोजक प्रकाश चौधरी ने बताया की परिवारिक वानिकी अभियान के संयोजक डूंगर कॉलेज बीकानेर के प्रोफेसर श्यामसुंदर ज्याणी विगत दिनों गांव में भगतसिंह स्मृति वन के उद्घाटन कार्यक्रम में पधारे थे। इसी थीम को लेकर गांव में वृक्षारोपण अभियान को तेज किया गया है और मोतीनाथ जी की बगीची में वृक्षारोपण किया गया है । चौधरी ने बताया की इस तरह के कार्यक्रमों से पर्यावरण के प्रति आम जन में चेतना आएगी। विदित रहे की गांव के सुभाष नवयुवक मंडल के भगतसिंह वृक्ष मित्रों द्वारा लगभग 1000 से अधिक पेड़ इस अभियान के तहत लगाए जा चुके हैं और आगामी सात वर्षों में सात हजार पेड़ लगाकर उन्हें पालने का संकल्प भी लिया है। इस अवसर पर भगतसिंह वृक्ष मित्र दल के राजकुमार पड़गड़, मनोज कुमार मुण्ड, रेवंत राम मास्टर , लाला राम मेघवाल , उपस्थित थे।

### बूथ अध्यक्षों का सम्मान किया

**रतनगढ़, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मण्डल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शहर मण्डल के पांचों शक्ति केन्द्रों पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 112 वें संस्करण का लाइव प्रसारण सुना। भाजपा शहर मण्डल के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस शक्ति केन्द्र पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने भाजपा कार्यकताओं के साथ मन की बात का लाइव प्रसारण सुना। भाजपा शहर मण्डल संयोजक महेश सैनी ने बताया कि शहर मण्डल के पांचों शक्ति केन्द्र पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मन की बात का लाइव प्रसारण सुना है।